प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर आज शिमला पहुंची। शिमला के समीप कल्याणी हैलीपैड पहुंचने पर राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह और सांसद सुरेश कश्यप सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करेंगी। इस दौरान वे सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगी और ऐतिहासिक सुरंग को लेकर जानकारी प्राप्त करेंगी। 30 अप्रैल को राष्ट्रपति कांगड़ा ज़िला के पालमपुर स्थित चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। इसी दिन राष्ट्रपति शिमला स्थित भारतीय सेना प्रशिक्षण कमान के कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। इस बीच, राष्ट्रपति के प्रदेश दौरे को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

मुख्यमंत्री

शिमला ज़िला के कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की धरेच पंचायत प्रदेश की पहली ग्रीन पंचायत बन गई है जिसमें 5 सौ किलोवॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना ने सफलतापूर्वक उत्पादन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज इस परियोजना का उद्घाटन किया। करीब एक करोड़ 97 लाख रूपए की लागत से तैयार इस परियोजना का निर्माण कार्य जनवरी 2025 में आरंभ हुआ था और इस वर्ष 30 मार्च को इसे विद्युत ग्रिड से जोड़ा गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से प्रतिदिन करीब 3 हज़ार यूनिट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है जबकि वार्षिक उत्पादन लगभग 8 लाख यूनिट रहने का अनुमान है।

हर्षवर्धन

उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने आगामी 4 नगर निगमों के चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं और पार्टी चारों सीटों पर जीत हासिल करेगी। आज शिमला में उन्होंने कहा कि इन चुनावों के लिए कांग्रेस अपने प्रत्याशियों से किसी भी तरह की फीस नहीं ले रही है और भाजपा इस संबंध में झूठे आरोप लगा रही है। हर्षवर्धन चौहान ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भी भाजपा पर झूठ बोलने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला में जल्द ही हाइड्रोलिक पार्किंग बनाई जाएगी जिसके लिए शहर में करीब 15 स्थानों का चयन कर लिया गया है। शिमला के चौड़ा मैदान स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 4 दिवसीय आई.टी.आई. महिला स्पोर्ट्स मीट के समापन अवसर पर उन्होंने ये बात कही। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ये कार्य प्रदेश में 12 सौ करोड़ रूपए की लागत से शहरी विकास योजना के तहत किया जाएगा।

<u>मौसम</u>

प्रदेश के मैदानी इलाकों में इन दिनों लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के मैदानी व निचले क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सैल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के निदेशक शोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश के मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान 30 से 35 डिग्री सैल्सियस और मैदानी इलाकों में 35 से 38 जबकि ऊना में 40 से 42 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया है।

....